दिनांकः 30.08.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का पहला रोड शो आज मुंबई में–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे नेतृत्व।
- राज्यपाल हरीभाऊ बागड़े ने सीमावर्ती क्षेत्रों में विकास कार्यों की प्रभावी योजना बनाकर काम करने के दिये निर्देश।
- भारत सहित कई देशों की वायु सेना का अभ्यास ''तरंग शक्ति'' आज से जोधपुर में।
- पेरिस पैरालिंपिक्स में मिक्स्ड कंपाउंड में शीतल देवी और राकेश कुमार की तीरंदाजी टीम ने बनाया नया रिकॉर्ड।

000

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का पहला रोड शो आज मुंबई में होगा। देशी–विदेशी उद्योग और कॉरपोरेट जगत को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करने के वास्ते हो रहे इस रोड शो का नेतृत्व मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा करेंगे। इस कार्यक्रम में निवेश संबंधी कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर और राइजिंग राजस्थान वेबसाइट का शुभारंभ किया जाएगा। मुख्यमंत्री, उद्योग जगत के कई दिग्गजों और बड़ी हस्तियों के साथ चर्चा करेंगे। इस दौरान उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ सहित राज्य के शीर्ष अधिकारी मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर एक लघु फिल्म भी दिखायी जाएगी, जो राज्य के अंदर विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद अवसर और तेजी से हो रहे निवेश जैसे कई विषयों पर आधारित होगी। इसके अलावा, अगले दो महीनों के दौरान राज्य सरकार दिल्ली, हैदराबाद, चेन्नई, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, यूनाइटेड अरब अमीरात और सऊदी अरब, यूनाइटेड किंगडम और जर्मनी में भी रोड शो करने जा रही है। 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन 9 से 11 दिसम्बर तक राजधानी जयपुर होगा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचकर बांगड परिसर में मरीजों के हालात जाने और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मरीजों और उनके परिजनों द्वारा बताई गई समस्याओं के संबंध में अस्पताल प्रशासन को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। श्री शर्मा इसके बाद चरक भवन परिसर पहुंचे और अस्पताल के स्टाफ को मरीजों के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रशासन यह सुनिश्चित करें कि मरीजों को मेडिकल जांचों की रिपोर्ट के लिए अनावश्यक चक्कर नहीं लगाना पड़े। मुख्यमंत्री निजी स्वास्थ्य जांच के लिए कल सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचे थे।

000

राज्यपाल हरीभाऊ किसनराव बागड़े ने केन्द्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने और बॉर्डर एरिया में विकास कार्यों की प्रभावी योजना बनाकर काम करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। राज्यपाल कल श्रीगंगानगर कलेक्ट्रेट सभागाार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जिले को टीबी मुक्त करने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने घुमंतू परिवारों के बच्चों की शिक्षा के लिए भी काम करने और पिछड़े क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए उत्कृष्ट विद्यालय की व्यवथा के लिए गंभीर होकर प्रयास करने पर जोर दिया।

000

जयपुर में चल रहे राज्य स्तरीय पुलिस अधिकारी सम्मेलन में आज दूसरे दिन भी विभिन्न सत्रों में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा के साथ ही विशेषज्ञ अपने सुझाव देंगे। सम्मेलन की आयोजन समिति की चेयर पर्सन और एडीजी (ट्रेनिंग) मालिनी अग्रवाल ने बताया कि आज होने वाले छह सत्रों में साइबर सिक्योरिटी, डार्क वेब, साइबर क्राइम इंवेस्टिगेशन और क्रिप्टो करेंसी के विषयों पर एडीजी बिपिन कुमार पांडे के नेतृत्व में पुलिस ऑफिसर्स का प्रजेंटेशन होगा। इससे पहले, कल विभिन्न तकनीकी सत्रों में पुलिस अधिकारियों और विषय विशेषज्ञों ने नए आपराधिक कानून, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस टूल्स, चैट जीपीटी, डीप फेक, इन्टरनेट ऑफ थिंग्स, डिजिटल फॉरेन्सिक्स तथा मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम से जुड़े विषयों पर अपने अनुभव साझा किए।

000

जोधपुर एयरफोर्स स्टेशन पर आज से भारत सहित कई देशों की वायु सेना का अभ्यास तरंग शक्ति शुरू होगा। 14 सितम्बर तक चलने वाले इस अभ्यास में भारत के अलावा सभी मेहमान देशों के एयर चीफ स्वदेशी विमान उड़ाएंगे। 31 देशों की वायुसेनाएं एक्सरसाइज में भाग ले रही हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस दौरान स्वदेशी हथियारों और सैन्य उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है।

...............

000

आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन–आवा द्वारा 'अस्मिता–आवा सदस्यों की प्रेरणादायक कहानियाँ' का आज जयपुर मिलिट्री स्टेशन के सप्त शक्ति ऑडिटोरियम में आयोजन किया जा रहा है। जन संपर्क अधिकारी कर्नल अमिताभ शर्मा ने

बताया कि अस्मिता की परिकल्पना केंद्रीय आवा द्वारा की गई थी और इसका उद्घाटन 14 अक्टूबर 2022 को नई दिल्ली में किया गया था। अस्मिता का दूसरा संस्करण 21 अगस्त 2023 को आयोजित किया गया था। जयपुर में पहली बार ये आयोजन किया जा रहा है।

यह आवा सदस्यों और वीर नारियों को अपनी चुनौतियों और उपलब्धियों को बताने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

000

और अब खबरें पेरिस–पैरालिंपिक की

................

पेरिस पैरालिंपिक्स में भारत के मिक्स्ड कंपाउंड में शीतल देवी और राकेश कुमार की तीरंदाजी टीम ने 1 हजार 399 के सम्मिलित स्कोर के साथ पैरालिंपिक में नया रिकॉर्ड बनाया है। तीरंदाजी की यह जोड़ी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप में दो सितम्बर को क्वार्टर फाइनल में खेलेगी। पैरालिंपिक्स में दूसरे दिन आज विभिन्न स्पर्धाओं में भारतीय एथलीट अपनी चुनौती पेश करेंगे। अवनी लेखरा महिलाओं की आर–2 दस मीटर एयर राइफल एस एच –1 क्वालीफिकेशन और फाइनल में निशाना साधेंगी। मोना अग्रवाल भी इसी स्पर्धा में भाग लेंगी। एथलेटिक्स की स्पर्धाएं आज तीन भारतीय पैरा एथलीटों की पदक प्रति स्पर्धा से शुरू होंगी।

..................

000

प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आज बच्छ बारस का पर्व परम्परागत श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है। भाद्रपद की कृष्ण पक्ष की द्वादशी को ये लोक पर्व मनाया जाता है। महिलाएं गायों और बछडों का पूजन कर रही हैं और अपने पुत्र की लम्बी उम्र तथा परिवार में सुख समृद्धि की कामना कर रही हैं। इस अवसर पर घरों में मक्की और बाजरे की रोटी और मूंग चावल जैसे पारम्परिक पकवान बनाए जा रहे हैं।

000

प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। मौसम साफ रहने के साथ ही धूप खिली हुई है। मौसम विभाग के अनुसार दो दिन बारिश का दौर धीमा रहने की ही संभावना है। एक सितम्बर के बाद प्रदेश में फिर से बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी। भरतपुर, जयपुर और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। कोटा, उदयपुर, और भरतपुर संभाग में 2 सितम्बर से बारिश की गतिविधियों में दोबारा बढ़ोतरी होने तथा कहीं–कहीं भारी बारिश के दौर शुरू होने की प्रबल संभावना है। इस बीच, पिछले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई। करौली में देर रात कई जगह मध्यम बारिश हुई। इससे जलाशयों में पानी की आवक जारी है। भीलवाडा में रात को हल्की बारिश हुई।

000